# एक तरफ बेटी की डोली उठी तो दूसरी ओर पिता का जनाजा निकला



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के वेकोलि क्षेत्र स्थित चांदामेटा बुटरिया क्षेत्र में उस समय माहौल गमगीन हो गया जब एक तरफ निकाह के बाद बेटी की डोली उठी तो दूसरी ओर पिता का जनाजा निकला।

बताया गया कि बुटरिया में रहने वाले महमूद खान ने अपनी बेटी की शादी को बड़े अरमान से सजाया निकाह का खाना चालू हो गया। बारात लेट होने के कारण निकाह लेट हुआ जैसे ही बेटी का निकाह हुआ मेहमानों का स्वागत करते.करते पिता मेहमूद खान को खड़े.खड़े अटैक आ गया। जिससे उनका तुरंत इंतकाल हो गया। जिससे मंडे में अफ्रा तफ्री मच गई और सब लोग शादी की रस्म छोड़कर बेटी के पिता के अंतिम संस्कार के लिए दौड़ धूप करने लगे। सारी खुशियां मातम में बदल गई ऐसी घटना से पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। इस प्रकार की शहर की यह पहली घटना होने के कारण शहर सहित आसपास के शहर से भी जन सैलाब टूट पड़ा।

## पोल्ट्री फार्म एवं चिकन शॉप आज से खोले जाने की अनुमति

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर में 10 फरवरी 2025 को बर्ड फ्लू की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर कार्यालयीन आदेश 05 मार्च 2025 से वार्ड क्रमांक 06, 07, 08, 28, 29, 30, 31, 41 एवं 45 में चिकन पोल्ट्री प्रोडक्ट के विक्रय एवं परिवहन पर 11 मई 2025 तक 03 माह संपूर्ण नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा एवं ग्राम सालीमेटा, लिंगा, बड़गोना की 10 किलोमीटर परिधि क्षेत्र को एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) के लिये सर्विलेंस क्षेत्र में तीन माह के लिये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया था।

तीन माह की अवधि 11 मई 2025 को समाप्त हो गई है। इसलिये मटन मार्केट अंतर्गत चिकन शॉप एवं ग्राम सालीमेटा लिंगा बड़गोना का पोल्ट्री फार्म, चिकन शॉप 12 मई 2025 से खोले जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

# महिला कांग्रेस में महत्वपूर्ण पदों पर की गईं नियुक्तियां

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार महिला कांग्रेस में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां की गई है। समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है।



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, परासिया विधायक सोहन वाल्मीकि, जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके से चर्चा के उपरांत जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष किरण चौधरी द्वारा जिला महिला कांग्रेस की प्रभारी मंजू बैस की सहमति उपरांत महिला कांग्रेस जिला महिला कांग्रेस में कार्यवाहक अध्यक्ष, शहर महिला कांग्रेस की प्रभारी व परासिया, जुन्नारदेव एवं अमरवाड़ा विधानसभा में महिला कांग्रेस की प्रभारी मनोनीत की गई है।

जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष किरण चौधरी के द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार जिला महिला कांग्रेस में कार्यवाहक अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी कहकशां मिर्जा, शहर महिला कांग्रेस की प्रभारी मनीषा पाल मनोनीत की गई है।

परासिया विधानसभा प्रभारी मीना कोरी, जुन्नारदेव विधानसभा प्रभारी पिंकी बत्रा एवं अंगुरी नागवंशी को अमरवाड़ा विधानसभा महिला कांग्रेस का प्रभारी मनोनीत किया गया है।

समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति के प्रति कमलनाथ, नकुलनाथ, जिले के समस्त वरिष्ठ कांग्रेसजन व समस्त कांग्रेस विधायकगण का हृदय से आभार माना है। महिला कांग्रेस ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### सार-समाचार

## छिन्दवाड़ा के सभी आयु वर्ग के युवक-युवती ले सकेंगे निःशुल्क डांस ट्रेनिंग में भाग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** ग्रीष्मकालीन मौसम में शहर में समर कैंप के माध्यम से विभिन्न आयोजन होते हैं इसी तरीके से छिंदवाड़ा नगर निगम के महापौर विक्रम अहके के प्रयासों से सभी आयु वर्ग के बच्चे युवाओं के लिए निःशुल्क डांस क्लास का आयोजन एडिशन डांस एकेडमी में किया जाएगा



जिसका रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो चुका है 19 मई से 20 दिवस चलने वाली क्लासेस में बॉलीवुड, हिप हॉप, सेमी क्लासिकल डांस सीखने प्रतिभागियों को मिलेगा निश्चित तौर पर महापौर की इस अभिनय पहल का परिणाम आगे चल कर देखने को मिलेगा और शहर के युवाओं को एक मंच मिलेगा जिससे उनकी प्रतिभा निखरेगी और जरूरतमंद युवा युवती इस डांस क्लास के माध्यम से लाभान्वित होंगे इस कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छिंदवाड़ा जिले के सांसद विवेक बंटी साहू एवं भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में होगा महापौर विक्रम अहके ने अधिक से अधिक लोगों से इस क्लासेस मे भाग लेने की अपील की है।

## आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर जी का जन्मोत्सव आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा श्री श्री रविशंकर जी गुरुदेव के जन्मोत्सव के अवसर पर आज 13 मई 2025 दिन मंगलवार को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। संस्था की डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर श्रीमती श्वेता चड्ढा और जॉन कोऑर्डिनेटर मनीष शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें शहर के प्रमुख लोग और स्थानीय आमजन भाग लेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6:45 बजे से 8:00 बजे तक मेघा फॉलोअप का आयोजन पंजाब लॉन नरसिंहपुर रोड पर होगा। इसके बाद सुबह 8:15 बजे से 9:00 बजे तक भूमि पूजन का आयोजन होगा, जिसमें स्वामी शंकरानंद उपस्थित रहेंगे। शाम 7:30 बजे पर सत्संग का आयोजन होगा जिसमें स्थानीय सिंगर देशभक्ति गीत प्रस्तुत करेंगे एवं देश के सैनिकों के ध्यान और प्रार्थना की जाएगी। रात 9:30 बजे पर भोजन प्रसाद का आयोजन किया गया है। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार छिंदवाड़ा के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर श्रीमती श्वेता चड्ढा और जॉन कोऑर्डिनेटर मनीष शर्मा ने समस्त जिलेवासियों से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की ।

## सिवनी प्राणमोति में जारी है गहरीकरण का कार्य

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासन के निर्देश पर नगर पालिक निगम द्वारा चलाए जा रहे गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शहर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती है। इसी क्रम में जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के आदेश पर नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के द्वारा निकाय स्तर पर जल स्त्रोतों की सफाई कराई जा रही है। सिवनी प्राणमोति स्थित जल स्त्रोत का गहरीकरण का कार्य लगातार किया जा रहा है। नगर निगम सहायक यंत्री विवेक चौहान ने बताया कि इस दौरान अभी तक लगभग 1000 घनमीटर से अधिक मिट्टी निकाली जा चुकी है।



## जन अभियान परिषद ने तामिया में मनाई शंकराचार्य की जयंती



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन में तथा विकासखंड समन्वयक संजय वामने के मार्गदर्शन में विकासखंड तामिया में आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती, एकात्मक पर्व के रूप में मनाते हुए व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे मां नैना देवी माता मंदिर तुलतुला के महंत व राष्ट्रीय संत झीनानंद महाराज, वरिष्ठ भाजपा नेता महामंत्री दुर्गेश सलामे, धर्म जागरण मंच के प्रांत प्रवक्ता व राष्ट्रीय स्वयं सेवक के चंद्रशेखर श्रीवास मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। व्याख्यान माला की शुरुआत मां सरस्वती तथा आचार्य शंकराचार्य जी के चित्र की पूजा अर्चन और माल्यार्पण से किया गया।

चंद्रशेखर श्रीवास ने अपने वक्तव्य में कहा कि आदिगुरु शंकराचार्य का जीवन दर्शन बहुत ही कल्याणकारी और एकात्म मानवतावाद का रहा, वह प्रत्येक वस्तु में ईश्वर का अनुभव करते थे तथा हिंदू धर्म के धर्म ग्रंथों, वेदांत, उपनिषद का 23 वर्ष की उम्र में ही पूर्ण अध्ययन करने वाले एकमात्र महापुरुष हुए। उन्होंने चार दिशा में चार मठों की स्थापना की तथा विदेशी आक्रांताओं के द्वारा चलाए जा रहे हैं षडयंत्रों से सनातन धर्म के अनुयायियों को एकात्मक ईश्वरवाद तथा सर्व खलीदम् ब्रम्ह के विचारों को रखा ।

# अम्बाड़ा बैरियर से हिंगलाज मंदिर तक ढाई किमी पाइप लाइन विस्तार का भूमिपूजन

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** अंबाड़ा बैरियर से प्रसिद्ध मां हिंगलाज मंदिर तक लगभग ढाई किलोमीटर पाईपलाइन विस्तार कार्य की स्वीकृति दिलाकर इस कार्य का भूमिपूजन परासिया विधायक सोहनलाल वाल्मीकि के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री श्री मां हिंगलाज मंदिर समिति सहित स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



गौरतलब है कि हिंगलाज मंदिर की प्रसिद्ध की वजह से यहां पर प्रतिदिन श्रद्धालु भक्तों का आवागमन लगा रहता है एवं नवरात्र में तो श्रद्धालुओं की भीड़ कई हजारों में पहुंच जाती है। श्रद्धालु भक्तों के लिए पेयजल की व्यवस्था बनाने को लेकर हिंगलाज मंदिर समिति के अलावा अंबाड़ा के पूर्व जनपद सदस्य अकबर अली के द्वारा व्यवस्था बनाने को लेकर प्रयास किया गया एवं विधायक सोहन वाल्मीकि से पत्राचार कर मांग की गई थी।

इसी को देखते हुए मंदिर क्षेत्र में पानी की समस्या का समाधान किए जाने को लेकर विधायक सोहन वल्मीकि के द्वारा पी.एच.ई. विभाग के मद्द से लगभग ढाई किलोमीटर पाइपलाइन विस्तार कार्य की स्वीकृति दिलाकर इस कार्य का भूमिपूजन किया गया एवं पाइपलाइन विस्तार कार्य भी प्रारंभ कराया गया।

इस दौरान विधायक वाल्मिक ने कहा कि मंधान डेम से आने वाली पानी की पाईपलाइन से अंबाड़ा बैरियर के पास इस पाइपलाइन को जोड़ा जाएगा जिससे कि हिंगलाज मंदिर तक सीधे पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंच सके।

इस भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर विधायक सोहनलाल वाल्मीकि, उपक्षेत्रीय प्रबंधक नरेंद्र कुमार सोनी, मोहन कालरी खान प्रबंधक श्री चांद, मंदिर समिति उपाध्यक्ष नारायण राव सराटकर, सरपंच भारती उईके, मारकंडे मिश्रा, अशोक ठाकर, भगवानदीन यादव, जगदीश तिवारी, पूर्व जनपद सदस्य अकबर अली, उप सरपंच हितेश धुर्वे, तेज प्रकाशसिंह, अमरनाथ सिंह, नवीन मोदी, आशीष यादव, रमन साहू, राहुल सिंह, रामशिरोमन सिंह के अलावा मंदिर समिति के सदस्य एवं ग्राम के नागरिक गण बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

# शारजाह यूएई में सम्मानित हुई प्रसिद्धि शाह

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** य.ए.ई. में आयोजित 30 वें शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में दिल्ली प्राइवेट स्कूल शारजाह यू.ए.ई. की 8 वीं कक्षा की 13 वर्षीय छात्रा प्रसिद्धि शाह को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए डिस्टिंग्विशड स्टूडेंट श्रेणी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार शारजाह की प्राइवेट एजुकेशन अथॉरिटी द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें कुल 1460 प्रतिभागियों में से 51 को विजेता घोषित किया गया।

जिसमें प्रसिद्धि शाह ने अपनी बौद्धिक क्षमता, सामाजिक भागीदारी और रचनात्मक दृष्टिकोण से निर्णायकों को प्रभावित किया ओर सम्मानित हुई। यह उपलब्धि भारत सहित सकल जैन समाज के लिए गौरव की बात है।

फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि प्रसिद्धि शाह सामाजिक संस्था सर्वोदय अहिंसा एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के मार्गदर्शक डॉक्टर नितेश शाह एवं अनुश्री शाह की सुपुत्री हैं।

डॉ. नितेश शाह डी.पी.एस. शारजाह में विगत 10 वर्षों से हिंदी विभागाध्यक्ष हैं एवं अनुश्री शाह शिक्षिका हैं। वें शारजाह में रहकर जैन धर्म, भारतीय संस्कृति और हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



## कराटे में जिले के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कराटे खेल में खिलाड़ियों ने लगातार जिला, राज्य, राष्ट्रीय स्तरीय की प्रतियोगिता में पदक जीतकर शहर, जिले के साथ साथ प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। साथ ही जुन्नारदेव शहर के लगभग 500 से ज्यादा खिलाड़ी यलो बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा के साथ-साथ ब्लैक बेल्ट परीक्षा में शामिल हो कर कराते खेल की मास्टर डिग्री में उत्तीर्ण हो चुके हैं।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी योगेश रुखमांगद ने जानकारी देते हुए बताया कि आज से 8 वर्ष पूर्व जब मैंने श्री नंदलाल सूद प्रांगण में इस कराते कैंप का शुभारंभ किया था उस समय केवल मेरे पास 12 खिलाड़ी सेल डिफेंस कराते का प्रशिक्षण प्राप्त करने आते थे किंतु आज कड़े परिश्रम एवं लगातार मेहनत के साथ-साथ कराते खेल की उपलब्धि को देखते हुए शहर के 125 खिलाड़ी इस ग्रीष्मकालीन शिविर में मार्शल आर्ट्स सीख रहे है।

# काव्य संग्रह आव्हान का विमोचन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश आंचलिक साहित्यकार परिषद छिंदवाड़ा के सचिव रामलाल सराठे के काव्य संग्रह आव्हान के होटल अपनी रसोई में आयोजित विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि रतनाकर रतन ने कहा कि काव्य संग्रह में संकलित सभी कविताएं राष्ट्र में व्याप्त सभी विषमताओं, आपदाओं और अशोभनीय स्थितियों को दूर करने के लिए किले की आखिरी ईंट को बचाने की कोशिश है।

काव्य संग्रह समीक्षक पूर्व आकाशवाणी उद्घोषक अवधेश तिवारी ने रामलाल सराठे रश्मि के काव्य संग्रह अपने उद्बोधन में कहा कि प्रस्तुत काव्य संग्रह में जो दर्शन है वह न तो बौद्धिक है, और न भक्तिमय है, यह विशुद्ध रूप से लोकजागरण है एवं हाशिए पर पड़े लोगों का आंदोलन है। वरिष्ठ बाल कवि प्रभूदयाल श्रीवास्तव ने कहा कविता भाषा में तमीज, तहजीब और सलीका परोसती है। यदि अभिव्यक्ति में श्रद्धा है तो विषय अपनी भाषा का चुनाव स्वयं कर लेता है। प्रो. अमर सिंह ने कहा कि रश्मिजी की कविताएं आत्मा की खुराक हैं और कायनाद की संरक्षिका है। रश्मिजी के काव्य संग्रह में कवि के हृदय में ईमान का जज्बा है, चरित्र में सुंदरता है, अतः समग्र काव्य में सौंदर्य है जो राष्ट्र में एकरूपता स्थापित करने का सबब है।





समीक्षक प्रो. विजय कलमधार ने कहा कि रश्मिजी के काव्य संग्रह में शाश्वत सत्य की खोज की दरकार है जो नफरत की फिजां में प्रेम का अनुबंध है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहानीकार दिनेश भट्ट ने कहा कि रश्मिजी की कविताएं अमर्यादित आचरण पर लगाम लगाने का सशक्त जरिया हैं। वरिष्ठ साहित्यकार गोवर्धन यादव ने कहा कि रश्मिजी की कविताएं यह संदेश देती हैं कि कविता में पैसा नहीं होता है और पैसे में कविता नहीं होती है।

सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए रामलाल सराठे ने कहा कि चलने से ही रास्ते बनते चले जाते हैं, रास्ते बने बनाए बहुत कम मिलते हैं। नंद कुमार दीक्षित ने कहा कि रश्मिजी की कविताएं का सबब है कि खुद को आगामी दिक्कतों से जूझने के लिए अगर तैयार नहीं करोगे तो नाखुशी आती रहेगी। समारोह में जिले के सभी साहित्यकार उपस्थिति रहे।

## राज्यपाल के लेटरपेड के दुरुपयोग मामले में दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ की पूर्व राज्यपाल अनुसुईया उइके के नाम से जारी फर्जी पत्र के मामले में पुलिस ने छिंदवाड़ा से फिर एक गिरफ्तारी की है। करीब पांच साल पुराने इस जालसाजी प्रकरण में मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा से 28 अप्रैल को महामंडलेश्वर अजय रामदास वर्मा को गिरफ्तार किया गया था। अजय पर आरोप है कि उसने राज्यपाल के आधिकारिक लेटरहेड और हस्ताक्षर का दुरुपयोग कर एक फर्जी पत्र जारी किया था

### पूछताछ में सामने आया दूसरा नाम

छत्तीसगढ़ पुलिस की पूछताछ में अजय वर्मा ने एक और नाम बताया है जो इस पूरे प्रकरण में शामिल रहा है उसके साथी गीतेश पराड़कर उम्र 39 वर्ष, निवासी बड़ावन छिंदवाड़ा, इसके बाद रायपुर पुलिस ने छिंदवाड़ा कोतवाली की मदद से गीतेश पराड़कर को भी हिरासत में ले लिया है।

सितंबर 2019 में एक फर्जी पत्र वायरल हुआ था, जिस पर तत्कालीन राज्यपाल अनुसुईया उइके के हस्ताक्षर थे। यह पत्र छत्तीसगढ़ के विधायको सहित वरिष्ठ नेताओं को भेजा गया था मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्यपाल के निर्देश पर उनके विशेष सचिव ने रायपुर के सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

अजय से जांच में खुला दूसरा नाम

कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक नारायण बघेल ने बताया कि अजय ने पूछताछ के दौरान इस फर्जीवाड़े में छिंदवाड़ा निवासी गीतेश पराड़कर का नाम लिया जिसके बाद उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस दोनों आरोपियों से विस्तृत पूछताछ कर रही है और मामले की गहराई से जांच जारी है।

## नागरिक सुरक्षा के लिए 220 ने कराया पंजीयन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** देश में हाल ही में घोषित आपात स्थिति के मद्देनज़र छिंदवाड़ा प्रशासन ने नागरिक सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अपील पर शहर के 220 लोगों ने स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण कर जन सेवा में भागीदारी दिखाई है। जिला प्रशासन ने इस सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए सभी वालंटियर्स को एक विशेष लिंक के माध्यम से पंजीकृत किया।




प्रशिक्षण के पहले चरण के तहत 12 मई की सुबह 9 बजे से पुलिस ग्राउंड के पास मैदान में नागरिक सुरक्षा शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार जैसे जरूरी कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वे किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान कर सकें।

होमगार्ड कमांडेंट एस.आर. आजमी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक 1000 नागरिकों पर एक वालंटियर तैयार किया जाना है। इसी योजना के तहत छिंदवाड़ा में 220 वालंटियर्स को प्रशिक्षित किया गया है। इन्हें एक समूह के रूप में जोड़ा जाएगा और आपात स्थिति की सूचना मिलते ही ये मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों में जुटेंगे।

प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद सभी वालंटियर्स को प्रशासन की ओर से पहचान पत्र (आई कार्ड) भी जारी किया जाएगा, ताकि वे अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। छिंदवाड़ा पुलिस प्रशिक्षण ग्राउंड पर आयोजित सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स प्रशिक्षण शिविर के दौरान ब्लैक आउट, सायरन और अन्य आपातकालीन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण दिया गया।

यह बताया गया कि किसी बम ब्लास्ट, मिसाइल हमले या केमिकल से जुड़ी आपात स्थिति में मरीज को किस प्रकार सुरक्षित रखते हुए उसकी जान बचाई जा सकती है। इसमें सीपीआर देने की विधि और उससे जुड़ी सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई।

फायर अधिकारी ने आग लगने की स्थिति में सुरक्षा के उपायों और आग पर काबू पाने के तरीकों के साथ-साथ आग में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के तरीकों का प्रशिक्षण दिया और उसका डेमो भी प्रस्तुत किया।

इसके अलावा होमगार्ड के सूबेदार और एसडीईआरएफ की टीम ने आपदा के समय उपयोग में आने वाले बचाव उपकरणों का प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि घरेलू उपकरणों की सहायता से किस प्रकार किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती हैए जैसे- कैसे स्ट्रेचर बनाना या किसी घायल व्यक्ति को सुरक्षित तरीके से उठाना है, इसका भी प्रशिक्षण युवाओं को दिया गया।

### सार-समाचार


## राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में उपविजेता रहे पुष्कर गिरडकर, सांसद ने किया सम्मानित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश बैडमिंटन संघ द्वारा मध्य प्रदेश राज्य जूनियर प्रतियोगिता का आयोजन मंदसौर में किया गया जिसमें छिंदवाड़ा के उत्कृष्ट और प्रतिभावान खिलाड़ी पुष्कर गिरड़कर पूरे प्रदेश में उप विजेता स्थान प्राप्त किया। पुष्कर गिरड़कर की उपलब्धि पर जिले के सांसद विवेक बंटी साहू ने उनको आज सम्मानित कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर पुष्कर के मुख्य कोच जावेद खान तथा पुष्कर के पिता अरविंद गिरड़कर मौजूद थे। खिलाड़ी को जिला बैडमिंटन संघ द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना की गई और आने वाली प्रतियोगिताओं में और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उनको शुभकामनाएं दी गई। पुष्कर गिरड़कर आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मध्य प्रदेश की टीम से भाग लेंगे जो छिंदवाड़ा जिले के लिए गौरव की बात है।

## पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह के जन्मदिन आयोजन समिति की बैठक आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह का आगामी 22 मई को जन्मदिन का आयोजन वृंदावन लॉन वोहता में आयोजित किया जाएगा। पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह के जन्मदिन आयोजन समिति की बैठक सोमवार शाम चौधरी चंद्रभान सिंह के निवास पर आयोजित की गई। आयोजित बैठक में सभी आयोजन समिति के आमंत्रित सदस्यों को उनके कार्यक्षेत्र अनुसार जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस बैठक में प्रमुख रूप से संजय सक्सेना, धर्मेंद्र मिगलानी, हरिओम सोनी, शंटी बेदी, अभिलाष गौहर, बंटी राय, नीतिराज रघुवंशी, देवेंद्र सूर्यवंशी, सतेंद्र ठाकुर, अल्केश साव, निमेष पटेल, जीतेन्द्र शाह, कमलेश ठाकरे, अनीश पटेल, प्रीति बिसेन, जफर खान, अनीता शर्मा, सुधीर शर्मा, रोशन सिंगनापुरे, राजकुमार बघेल, विक्रम सोनी, योगेश बेले सहित बड़ी संख्या में पूर्व मंत्री के समर्थक उपस्थित रहे।



## गुरु गोरखनाथ की जयंती पर किया पूजन

**परासिया, देशबन्धु।** गुरु गोरखनाथ धाम पटपड़ा में बाबा गुरु गोरखनाथ जी के प्रकट उत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम, हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने उपस्थित होकर बाबा गुरु गोरखनाथ जी की भव्य पूजा-अर्चना की और उनके श्री चरणों में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में विशेष पूजा, महाआरती और भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और बाबा गुरु गोरखनाथ जी की कृपा का अनुभव किया। पूरे देश में नाथ संप्रदाय के आराध्य देव शिव के अवतार बाबा गुरु गोरखनाथ जी का प्रकट उत्सव बड़े हर्ष उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। गुरु गोरखनाथ धाम पटपड़ा के महंत पुजारी बुद्धनाथ विक्की चौहान ने कहा कि बाबा गुरु गोरखनाथ जी की लीला अपरंपार है और वह शिव के अवतार हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर देश और राष्ट्र के साथ-साथ सभी जनमानस की सुख, शांति और समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना की गई। इस अवसर पर सभी भक्तों ने बाबा गुरु गोरखनाथ जी की भक्ति और श्रद्धा के साथ पूजा.अर्चना की और उनकी महिमा का गुणगान किया।

## पातालेश्वर मंदिर में पहली बार शास्त्रीय नृत्य व घुंघरू पूजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नाट्यशास्त्र के अनुसार, घुंघरू पूजा एक प्राचीन परंपरा है, जिसमें नृत्य प्रारंभ करने से पहले भगवान को घुंघरू समर्पित किए जाते हैं और फिर गुरु द्वारा शिष्यों को सौंपे जाते हैं। संस्था के निर्देशक एवं गुरु अमित डोले ने कहा कि यह परंपरा अब विलुप्त होती जा रही है, जिसे पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया।

वरिष्ठ पत्रकार गोविंद चौरसिया और पंडित की उपस्थिति में संस्था के सभी बच्चों कृति, भूमिका, आराधना, अंकिता, वेदिका, खुशी, वीरा, अरना, मान्या, श्री, दिशानी, हंसवी ने घुंघरू पूजा में भाग लिया और इस प्राचीन परंपरा को निभाया। विदित हो कि पूर्व में भारतीय संस्कृति में इस तरह के आयोजन किए जाते थे और यह गुरू-शिष्य की पपरम्परा का निर्वाहन किया जाता था।

अमित डोले ने बताया कि कला संगम शास्त्री नृत्य एवं संगीत महोत्सव समिति द्वारा 7 और 8 जून को स्थानीय अदिवासी संग्राहलय में कला संगम महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसमें देश-विदेश के राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एवं संगीत नाटक अकादमी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुती दी जायेगी।



## बुद्ध के जीवन दर्शन पर नाटिका मंचन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** डॉ. आंबेडकर समता विकास समिति के तत्वावधान में स्थानीय समता बुद्ध विहार, छिंदवाड़ा में भगवान बुद्ध की जयंती एवं पवित्र बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह बुद्ध वंदना, धम्म वंदन, संघ वंदन तथा बुद्ध पूजा से हुई। तत्पश्चात भंतेजी जे. आनंद द्वारा धम्म देशना दी गई, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने गंभीरता से श्रवण किया। साथी रत्नेश काटोल द्वारा भी धर्म देशना दी गई कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई और उन्होंने अपने विचार भी साझा किए, जिससे उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो गया। कार्यक्रम का संचालन आयुष्मति छवि खांडेकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा किया गया।

सुबह के समय कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में उपासक-उपासिकाएं, बच्चे एवं स्थानीय नागरिक सम्मिलित हुए। जयंती के दूसरे चरण में श्याम 6:30 बजे समिति के समस्त पदाधिकारियों, उपासकों एवं समाजबंधुओं द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मोमबत्ती प्रज्वलन किया गया। तत्पश्चात समता बुद्ध विहार परिसर में शाम 7:00 बजे से



बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, इसके उपरांत पुरस्कार वितरण तथा पारिवारिक भोजन-दान का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष सुभाष नागले, महासचिव सतीश गोंडाने, दादाराव मोटघरे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती छविता खांडेकर (कोषाध्यक्ष), मयंक गजभिए, समिति पदाधिकारी एच. बी. लोखंडे, निरंजन रंगारे, राजीव रणवीर, चंद्रशेखर बसोड़, देवेंद्र खांडेकर, के.पी. शेडे, कुसुम पाटिल, पंकज तगड़े, पुष्पा गणवीर, अमिताभ बागड़े, आधार चौहान, डॉक्टर चंदेलकर एवं समिति के समस्त पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।

## ग्रामीणों के साथ किया जल संवाद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे जल संरक्षण के प्रयासों में जन अभियान परिषद अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

इसी श्रंखला में सोमवार 12 मई 2025 को सेक्टर नंबर 3 ग्राम अतरवाड़ा में कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के निर्देशन में एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में परामर्शदाता विनोद तिवारी, श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जयप्रकाश सूर्यवंशी, आशीष साहू के नेतृत्व में ग्राम अतरवाड़ा में जल संरक्षण के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### जल की प्रचुरता वाला गांव बनाने पर मंथन



परामर्श दाता जयप्रकाश सूर्यवंशी ने कहा की कार्यक्रम मे ग्रामीण जनों के साथ जल संवाद कर ग्राम को जल की प्रचुरता वाला गांव कैसे बनाएं विषय पर मंथन किया गया। कार्यक्रम मे सभी को जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी प्रदान की गई। इस सृष्टि के जीव और मानव जीवन के लिए जल के महत्त्व को बताया गया।

अपने गांव को जल की प्रचुरता वाला गांव बनाने के लिए छोटी छोटी एवं महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया गया। घर के नलों में टोटी लगाने, हेडपंप के पास सोखता गड्ढे बनाने, साफ सफ़ाई रखने, वर्षा जल का संचयन करने, खेती के लिए सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों का उपयोग करने, ग्राम सभाओं मे जल संरक्षण के एजेंडे पर निरंतर बात चित करने, मनरेगा के तहत जल संरक्षण के अधिक कार्य करने, ग्राम की जल संरचनाओं का संरक्षण आदि बातों पर विस्तार से चर्चा की गई। अपनी प्रयोगशाला ग्राम अतरवाडा मे ग्राम मे सघन रूप से बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू एवं ग्रामीणों के द्वारा दीवार लेखन कर ग्रामीणजानो को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण का सन्देश दिया गया। ग्राम के भ्रमण के दौरान हैंड पंप के पास सोखता गड्ढा के निर्माण प्रक्रिया समझाई साथ ही ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलवाई।

## विधानसभा प्रभारी ने किया जल रहे कोल स्टाक का निरीक्षण

**परासिया, देशबन्धु।** पेंच क्षेत्र कि सबसे बड़ी ओपन खदान उरधन में पिछले कुछ दिनों से कोयले के स्टॉक में आग लगी हुई है, जो चारों तरफ फैल गई है। जिसके कारण प्रतिदिन बड़ी मात्रा में कोयला जल रहा है। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की परासिया विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया एवं शिवपुरी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष देवी पाल ने कार्यकर्ताओं के साथ उरधन खदान का निरीक्षण किया। जिसमें देखा कि आग चौतरफा लगी हुई है और काफी कोयला जल रहा है।

ज्योति डेहरिया ने उरधन खदान मैनेजर से मुलाकात कर खदान में लगी आग को बुझाने के लिए प्रबंधन के द्वारा क्या प्रयास किया जा रहा है, इस बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर खदान के बीएमएस के अध्यक्ष संजय परिहार, संजेश साहू, अजय प्रताप शाही, अनुसूचित जाति मोर्चा महामंत्री मुकेश सालवंशी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अम्बेडकर चौक में भारतीय बौद्ध महासभा ने मनाई बुद्ध जयंती

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** परम पावनी त्रिगुणी वैशाख पूर्णिमा पर तथागत भगवान बुद्ध के 2588 वे जयंती समारोह का आयोजन भारत सरकार के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा डॉ. आंबेडकर तिराहे पर आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम तथागत भगवान बुद्ध के छायाचित्र एवं संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण प्रदेश उपाध्यक्ष एड. रमेश लोखंडे, जिला उपाध्यक्ष एड. राजेश सांगोड़े, संयोजक सुभाष गोंडाने, जयभीम सेना प्रमुख शिवम् पहाड़े, पत्रकार अतुल गजभिये, समाजसेवी कमलेश डेहरिया, रमेश सहारे, मोहित मानकर,नवीन डेहरिया, ओमप्रकाश पहाड़े, एस.आर. बेले, मनोहर नारनवरे, अमन तायड़े, डॉ. सुनील श्यामकुँवर, एड. प्रशांत गजभिये, नवनीत डेहरिया, धर्मेंद्र बेलवंशी, प्रवीण पाटिल, बबलू सोमकुंवर, विशाल दुफारे, गौरव पाटिल, वसंता सोमकुंवर, भीमराव सोमकुंवर, ममता सहारे, लीला नारनवरे, ममता लोखंडे, शालू साखरे, राकेश चिल्हाटे, विशाल सहारे, लवकुश डेहरिया, शुभम जावरकर द्वारा किया गया।

माल्यार्पण पश्चात् पंचशील ध्वजारोहण कर सामूहिक बुद्ध वंदना की गयी। बुद्ध जयंती समारोह का संचालन जिला उपाध्यक्ष एड. राजेश सांगोडे द्वारा किया गया इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया को सम्बोधित करते हुए भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष एड रमेश लोखंडे द्वारा सर्वप्रथम सम्पूर्ण विश्व के नागरिको को तथागत भगवान बुद्ध जयंती की हार्दिक शुभकामनाए प्रेषित करते हुए कहा की वर्तमान परिपेक्ष्य में आतंकवाद चरम शिखर की ओर बढ़ रहा है जिसे पूर्ण रूप से नष्ट करने हेतु तथागत भगवान बुद्ध के पंचशील, अष्टांगिक मार्ग एवं तथागत भगवान बुद्ध के विचारो पर चलकर विश्व शांति निर्माण किये जाने की देशवासियो से अपील की।

बिहार प्रदेश के बौद्धगया में स्थित महाबोधि महाविहार को गैरबौद्धिष्ट लोगो के कब्जे से मुक्त कर देश के बौद्धिष्ट उपासक/उपासिकाओ को सौपने हेतु भारत सरकार देश की राष्ट्रपति महोदया, प्रधानमंत्री एवं बिहार सरकार से बौद्ध गया मंदिर अधिनियम 1949 को तत्काल प्रभाव से हटाए जाने की मांग की गयी जो बी.टी. एक्ट अधिनियम 1949 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13,14,15, 25, 26, 49, 51 ए.एफ. का उल्लंघन करता है यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त बौद्धों की विश्व धरोहर बौद्धगया महाबोधि महाविहार के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है जिसे तत्काल बंद किये जाने महाबोधि महाविहार का संचालन देश के बौद्धों को दिए जाने की मांग भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा की गयी तथागत भगवान बुद्ध के जीवन पर कहा की सिद्धार्थ ने पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया वह महाबोधि कहलाया

